# GEOGRAPHY

# भूगोल

# (316)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* :
(i) There are 24 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks for each question are indicated against it.

(iv) Question Nos. **1** and **2** are on filling *Outline Maps of the World* and *India* respectively. Each question contains *4* test-items of very short answers of *1 mark* each.

(v) Question Nos. **3** to **6** are very short answer questions carrying *1 mark* each. Answer to these questions should not exceed *30 words* each.

(vi) Question Nos. **7** to **11** and **21** & **22** are also very short answer questions carrying *2 marks* each. Answer to these questions should not exceed *60 words* each.

(vii) Question Nos. **12** to **15** and **23** & **24** are short answer questions carrying *4 marks* each. Answer to these questions should not exceed *100 words* each.

(viii) Question Nos. **16** to **20** are long answer questions of *6 marks* each. Answer of each of the questions should not exceed *140 words*.

(ix) Use of templates or stencils for drawing outline maps in illustrating your answer is allowed.

(x) Answer of Question Nos. **21** to **24** should be given from any *one* of the Options.

**निर्देश :** (i) प्रश्नों की कुल संख्या 24 है।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** और **2** क्रमशः **संसार** और **भारत के रेखामानचित्रों** के भरने पर हैं। प्रत्येक प्रश्न में अति लघु-उत्तरों की *4 परीक्षण-मदें 1-1 अंक* की हैं।

(v) प्रश्न संख्या **3** से **6** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का *1 अंक* है। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *30 शब्दों* से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या **7** से **11** तक और **21** तथा **22** भी अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के *2 अंक* हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *60 शब्दों* से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vii) प्रश्न संख्या **12** से **15** और **23** तथा **24** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के *4 अंक* हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *100 शब्दों* से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(viii) प्रश्न संख्या **16** से **20** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के *6 अंक* हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *140 शब्दों* से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(ix) अपने उत्तर को स्पष्ट करने के लिए रेखामानचित्र बनाने के लिए साँचों या स्टेंसिलों के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।

(x) प्रश्न संख्या **21** से **24** तक के उत्तर किसी **एक** विकल्प में से दीजिए।

## SECTION–A

## खण्ड–अ


**1.** *Four* geographical features with serial numbers (1) to (4) are marked on the given *Political Outline Map of the World*. Identify these features with the help of the following information and write their correct names in your answer-book against each number : 1×4=4

(1) Lava Plateau; (2) Mountain; (3) An Area of Evergreen Rainforests and (4) Grassland.

दिए गए **संसार के राजनैतिक रेखामानचित्र** में **चार** भौगोलिक लक्षणों को संख्या (1) से (4) तक दिखाया गया है। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रत्येक संख्या के सामने लिखिए :

(1) लावा पठार; (2) पर्वत; (3) सदाहरित वर्षा वनों का एक क्षेत्र तथा (4) घासभूमि।

# WORLD – POLITICAL
# संसार – राजनीतिक




**2.** *Four* geographical features with serial numbers (1) to (4) are marked on the given *Political Outline Map of India*. Identify these features with the help of the following information and write their correct names in your answer-book against each number : 1×4=4

(1) River; (2) Capital City; (3) Vegetation and (4) Hydel Power Station.

दिए गए **भारत के राजनैतिक रेखामानचित्र** में **चार** भौगोलिक लक्षणों को संख्या—(1) से (4) तक दिखाया गया है। इन लक्षणों को नीचे दी गई जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रत्येक संख्या के सामने लिखिए :

(1) नदी; (2) राजधानी शहर; (3) वनस्पति तथा (4) जलविद्युत-शक्ति केन्द्र।




**3.** State *two* main processes of heating the ocean waters. ½×2=1

महासागरीय जल के गर्म होने की **दो** मुख्य प्रक्रियाएँ बताइए।

**4.** What do you understand by balance of trade? 1

व्यापार-सन्तुलन से आप क्या समझते हैं?

**5.** Mention any *two* major factors which determine the size and force of sea waves. ½×2=1

समुद्री तरंगों के आकार और बल को नियंत्रित करने वाले किन्हीं **दो** प्रमुख कारकों का उल्लेख कीजिए।

**6.** Why is the density of road low in the North-Eastern region of India? Give any *two* reasons. 1

भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सड़क-घनत्व विरल क्यों है? कोई **दो** कारण दीजिए।

**7.** State any *two* major causes of earthquakes. Give *one* example for each cause. 1+1=2

भूकम्प आने के कोई **दो** प्रमुख कारण बताइए। प्रत्येक कारण का **एक** उदाहरण दीजिए।

**8.** Describe in brief any *two* social consequences of migration. 1×2=2

प्रवास के किन्हीं **दो** सामाजिक परिणामों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**9.** "The continental shelves are of great importance to man." Support this statement by giving any *two* arguments. 1×2=2

''महाद्वीपीय निमग्न तट मनुष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।'' कोई **दो** तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**10.** Explain any *four* characteristics of red soil. ½×4=2

लाल मृदा की किन्हीं **चार** विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

**11.** Explain the climatic diversity of India by giving any *four* examples. ½×4=2

भारत की जलवायु सम्बन्धी विविधता की व्याख्या कोई **चार** उदाहरण देकर कीजिए।

**12.** Define the term human geography. Mention any *six* subbranches of it. 1+3=4

मानव भूगोल शब्द की परिभाषा लिखिए। इसकी किन्हीं **छः** उपशाखाओं के नाम बताइए।

**13.** Describe in brief the *four* facts which reflect the monsoonal unity in India. 1×4=4

भारत में मानसूनी एकता को प्रतिबिम्बित करने वाले किन्हीं **चार** तथ्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**14.** Which layer of atmosphere is considered ideal for flying aircrafts? Explain any *three* characteristics of it. 1+3=4

वायुयानों को उड़ाने के लिए वायुमण्डल की कौन-सी परत आदर्श मानी जाती है? इसकी किन्हीं **तीन** विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

**15.** "No other biome has undergone so much changes as the temperate grasslands biome." Support this statement with *four* suitable arguments. 1×4=4

''कोई अन्य जीवोम इतने परिवर्तन से नहीं गुजरा जितना कि शीतोष्ण कटिबन्धीय घासभूमि जीवोम।'' **चार** उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**16.** Explain any *six* points of significance of water vapour for all kinds of life on the earth. 1×6=6

पृथ्वी पर विविध प्रकार के जीवन के लिए जलवाष्प के महत्त्व के किन्हीं **छः** बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।

**17.** Describe any *six* measures for soil conservation. 1×6=6

मृदा-संरक्षण के लिए किन्हीं **छः** उपायों का वर्णन कीजिए।

**18.** What is meant by watershed development? Write any *five* benefits of watershed development. 1+5=6

जलसंभर विकास का क्या अर्थ है? जलसंभर विकास के कोई **पाँच** लाभ लिखिए।

**19.** Define cropping pattern. Explain any *five* features of changing crop pattern in India. 1+5=6

फसल प्रतिरूप को परिभाषित कीजिए। भारत में परिवर्तित फसल प्रतिरूप की किन्हीं **पाँच** विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

**20.** When was National Rural Health Mission launched? Explain any *five* visions envisaged in it. 1+5=6

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन को कब प्रारंभ किया गया था? इसमें विचारार्थ किन्हीं **पाँच** दृष्टिकोणों की व्याख्या कीजिए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

### OPTION–I / विकल्प–I

### **( Local Area Planning )**

### **( स्थानीय क्षेत्र नियोजन )**

**21.** Mention any *two* merits of mode. 1×2=2

बहुलक के कोई **दो** गुण बताइए।

**22.** State any *two* uses of maps in local area planning. 1×2=2

स्थानीय क्षेत्र नियोजन में मानचित्रों के कोई **दो** उपयोग बताइए।

**23.** "Climate dictate the overall pattern of vegetation in the hill village of Rangdoom." Support this statement with *four* examples. 1×4=4

''पहाड़ी गाँव रंगदूम में वनस्पति का सम्पूर्ण प्रारूप जलवायु द्वारा निर्देशित होता है।'' **चार** उदाहरण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**24.** Suggest any *four* steps for the collection of secondary data. 1×4=4

द्वितीयक आँकड़ों के एकत्रीकरण के लिए कोई **चार** सोपान सुझाइए।

### OPTION–II / विकल्प–II

### **( Geography of Tourism in India )**

### **( भारत में पर्यटन-भूगोल )**

**21.** Name *four* places of the highest order of the pilgrimage of Hindus called 'Dhams'. ½×4=2

हिन्दुओं के **चार** पवित्रतम तीर्थस्थल, जिन्हें 'धाम' कहा जाता है, के नाम लिखिए।

**22.** Distinguish between tourist generating areas and tourist destination areas. 1+1=2

पर्यटक सृजित क्षेत्र और पर्यटक गन्तव्य क्षेत्र के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**23.** What is meant by a motel? Explain any *three* facilities provided by them to the tourists. 1+3=4

मोटल का क्या अर्थ है? उनके द्वारा पर्यटकों को दी जाने वाली किन्हीं **तीन** सुविधाओं की व्याख्या कीजिए।

**24.** Analyse any *four* effects of mass tourism on local economy. 1×4=4

जन-पर्यटन के स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले किन्हीं **चार** प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

★ ★ ★